तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 14 जून 2026

10 खेत से गायब हुआ रातों-रात सोलर पंप, सुबह खेत...

10 नाली निर्माण के लिए खोदी सड़क को भरी नहीं...







## खबर संक्षेप

### घरेलू विवाद पर जमकर मारपीट काउंटर केस दर्ज, विवेचना जारी

कांकेर। थाना बांदे क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीव्ही-82 विजयनगर में पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



पीव्ही-82 विजयनगर निवासी 32 वर्षीय बांसुरी मंडल ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 12 जून की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर में मोबाइल पर बातचीत कर रही थी। इसी दौरान उसकी जेठानी ममता मंडल, ननद रूखमनी मंडल एवं जेठ ब्रीजेन मंडल उसके घर के पास पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पुत्री झुमा मंडल के साथ भी धक्का-मुक्की की गई, जिससे उसके कपड़े फट गए तथा उसे सीने में दर्द हुई। घटना में मुझे भी चोटें आई है।

## नक्सल प्रभाव के दौर को पीछे छोड़ ग्रामीणों ने विकास के नए अध्याय का किया स्वागत

# नक्सलगढ़ में पहली बार विधायक उसेंडी ने दी दस्तक, कंदाड़ी में फूंका विकास का बिगुल

*ग्रामीणों की मांगों पर सामुदायिक भवन, हैंडपंप, सीसी सड़क और घोटुल निर्माण की घोषणा*

*कभी नक्सलियों के सुरक्षित ठिकाने के रूप में पहचान रखने वाला कंदाड़ी गांव अब बदलते बस्तर की नई तस्वीर पेश कर रहा है। वर्षों तक जनप्रतिनिधियों की पहुंच से दूर रहे इस दुर्गम गांव में पहली बार किसी विधायक के कदम पड़ने से ग्रामीणों की खुशी देखते ही बन रही थी। नदी पार कर गांव पहुंचे विधायक विक्रम उसेंडी का ग्रामीणों ने पारंपरिक उत्साह और आत्मीयता के साथ स्वागत किया। यह यात्रा केवल एक जनप्रतिनिधि के गांव पहुंचने तक सीमित नहीं रही, बल्कि नक्सल प्रभाव से विकास और लोकतंत्र की ओर बढ़ते क्षेत्र की नई शुरुआत का प्रतीक बन गई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विधायक विक्रम उसेंडी ने स्वागत के उपरांत ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि कंदाड़ी गांव की यह यात्रा मेरे लिए केवल एक जनसंपर्क कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र और विकास की जीत का प्रतीक है। एक समय था जब यह क्षेत्र नक्सली प्रभाव के कारण जनप्रतिनिधियों की पहुंच से दूर था। आज यहां के लोगों के बीच आकर मुझे अत्यंत खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। क्षेत्र में शांति और विश्वास का माहौल बनने के बाद अब हमारी प्राथमिकता अंतिम छोर तक विकास पहुंचाना है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### विधायक के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब



### ग्रामीणों में खुशी की लहर, विकास की जगी उम्मीद

*कोयलीबेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत तुरसानी के आश्रित ग्राम कंदाड़ी में उस समय ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब विधायक विक्रम उसेंडी पहली बार इस दुर्गम गांव पहुंचे। उत्तर बस्तर का यह गांव कभी नक्सलियों का प्रमुख आश्रय स्थल माना जाता था, जिसके कारण वर्षों तक सांसद और विधायक जैसे जनप्रतिनिधि यहां नहीं पहुंच सके थे। बदलते हालात और क्षेत्र में लौटती शांति के बीच विधायक विक्रम उसेंडी ने कंदाड़ी पहुंचकर विकास और लोकतंत्र की नई उम्मीद जगाई। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक की यह यात्रा न केवल कंदाड़ी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना बनी, बल्कि यह नक्सल प्रभाव से उबरते क्षेत्र में विकास, विश्वास और जनभागीदारी के नए दौर की शुरुआत का प्रतीक भी साबित हुई।*

### विधायक ने 4 मांगों पर की घोषणा

*ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए विधायक विक्रम उसेंडी ने मौके पर ही चार महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने शाकंभरी माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा गायता पारा कंदाड़ी में दो नए हैंडपंप स्थापित करने की घोषणा की गई, जिससे पेयजल समस्या का समाधान होगा। विधायक ने शीतला मंदिर से सीसी सड़क निर्माण कराने की भी घोषणा की, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं बरेलीपारा कंदाड़ी में घोटुल निर्माण की घोषणा कर आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की।*

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

*आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कामनी उसेंडी, ग्राम गायता देवसाय वड्डे, ग्राम पटेल सुकलू राम पटेल, मंडल अध्यक्ष लच्छू राम गावड़े, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील जैन, दिनेश आंचला, सोनाय दर्रो, सोनबत्ती कोवाची, फूलबती उसेंडी, दीपक आंचले, गुंजीता, मुकेश सलाम, रति दुग्गा, अनिता पटेल व अन्य उपस्थित रहें।*

## शादी से लौटते समय पिकअप पलटी, दूल्हा समेत 10 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात एक शादी समारोह से लौट रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में दूल्हे के रिश्तेदारों और ग्रामीणों सहित कुल 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से शासकीय अस्पताल भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम नागहूर निवासी 21 वर्षीय दिलीप कुमार पूड़ो ने बताया कि 11 जून की शाम करीब 8 बजे गांव के 13 लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 बीडी 2520 में सवार होकर विकास दुग्गा के शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम दमकसा गए हुए थे। शादी का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद 12 जून की करीबन ढाई बजें सभी लोग वापस अपने गांव नागहूर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम तराई घोटिया और नागहूर के बीच मुख्य मार्ग पर पिकअप के चालक ने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए नियंत्रण खो दिया, जिससे पिकअप बीच सड़क पर ही पलट गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद लोगो ने तुरंत तत्परता दिखाई और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। ▶▶| शेष पेज 10 पर



खबर संक्षेप



### तनाव प्रबंधन-मानसिक स्वास्थ्य पर ब्रह्माकुमारीज में हुआ प्रेरक व्याख्यान

**कांकेर।** पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं समग्र व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस द्वारा एक विशेष प्रेरणादायी व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रमुख का व्यख्यान आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी संस्था के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा संचालित राज्यव्यापी अभियान आत्म-सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण तक के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य सुरक्षा बलों एवं शासकीय सेवाओं से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा उनमें सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का विकास करना है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजयोग मेडिटेशन, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक चिंतन, जीवन मूल्यों, आत्मविश्वास निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण, पारस्परिक संबंधों में सामंजस्य, प्रभावी संवाद, चुनौतियों का प्रबंधन तथा डिजिटल युग में मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता केवल शारीरिक फिटनेस पर ही निर्भर नहीं करती, बल्कि मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक सोच भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

### प्रार्थना व मंत्र पाठ को लेकर राजनीति शुरू

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों में दिन में 3 बार प्रार्थना और मंत्र-पाठ अनिवार्य किए जाने का आदेश जारी किया है। सुबह स्कूल लगने पर सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र समेत 6 प्रार्थनाएं होंगी। दोपहर खाने के समय भोजन मंत्र और स्कूल की छुट्टी के समय गायत्री मंत्र होगा। इसे लेकर अब राजनीतिक शुरू हो गई है। कांग्रेस का कहना है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एजेंडा थोपने की कोशिश की जा रही है। स्कूल किसी एक विचारधारा या धर्म का नहीं हैं। यहां सभी अलग-अलग धर्मों समुदाय के बच्चे पढ़ते हैं।

### संविदा कर्मियों के तबादले पर हाईकोर्ट का दखल से इनकार

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने संविदा कर्मचारियों के स्थानांतरण में हस्तक्षेप करने के राज्य सरकार के फैसले में दखल देने से साफ इंकार कर दिया है। जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने संविदा स्वास्थ्य कर्मी अखिलेश कौशिक की याचिका खारिज करते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी का तबादला कहाँ होना चाहिए, यह पूरी तरह सक्षम प्राधिकारी का विशेषाधिकार है। अदालतें इसमें तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं, जब तक कि आदेश में कोई दुर्भावना या वैधानिक नियमों का उल्लंघन न दिखाई दे।

# खेत से रातों-रात गायब हुआ सोलर पंप, सुबह देखा तो किसान के उड़े होश

*आधुनिक कृषि तकनीक के जरिए सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रयासरत किसानों के लिए अब चोरी की घटनाएं बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही हैं। कांकेर जिले के सरोना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनेसरा में खेत में लगे सोलर पंप और केबल वायर चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने खेत में स्थापित सोलर प्लांट को निशाना बनाते हुए किसान की मेहनत और पूंजी पर हाथ साफ कर दिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार ग्राम भर्रीपारा धनेसरा निवासी 66 वर्षीय किसान मनराखन साहू खेती-किसानी का कार्य करते हैं। उन्होंने थाना सरोना में दर्ज शिकायत में बताया कि 8 मई 2026 की शाम लगभग 6 बजे वे रोज की तरह खेत में काम खत्म कर घर लौट गए थे। उस समय खेत में स्थापित सोलर पंप पूरी तरह सुरक्षित अवस्था में था, लेकिन अगली सुबह 9 मई 2026 को जब वे सुबह लगभग 6 बजे खेत पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। सोलर पंप से जुड़ा पाइप कटा हुआ खेत में पड़ा था, जबकि 3 एचपी डीसी एसपीवी सबमर्सिबल मोटर पंप और केबल वायर गायब थे। अज्ञात चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पूरे सोलर सिस्टम के महत्वपूर्ण हिस्सों को चोरी कर ले गए।

पीड़ित किसान के अनुसार चोरी गए सोलर पंप और केबल वायर की कुल अनुमानित कीमत लगभग 53 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना के बाद उन्होंने तत्काल सरोना थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। किसानों ने प्रशासन से ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई और खेतों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी वारदातों पर रोक लगाई जा सके।

**धनेसरा गांव के किसान को 53 हजार रुपए का हुआ नुकसान**



**अज्ञात पर मामला दर्ज**

*शिकायत के आधार पर सरोना थाना प्रभारी मालिकराम निषाद ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। थाना की टीम मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है।*

## विरोध : ग्रामसभा में प्रतिबंध लगाने का लिया गया निर्णय

# बड़े पराली में धर्म प्रचारकों के प्रवेश पर रोक और लगाया सूचना बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम बड़े पराली में आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकजुटता के संरक्षण को लेकर ग्रामसभा ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। ग्रामसभा की सर्वसम्मति से गांव में एक सूचना बोर्ड स्थापित किया गया है, जिसमें धर्मांतरण गतिविधियों के उद्देश्य से आने वाले ईसाई धर्म प्रचारक पादरी एवं पास्टरों के प्रवेश पर रोक की जानकारी प्रदर्शित की गई है।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में धर्म परिवर्तन की घटनाओं के कारण गांव के सामाजिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में बदलाव देखने को मिला है। उनका कहना है कि धर्म परिवर्तन के बाद कुछ लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों, देवी-देवताओं में आस्था, सामुदायिक आयोजनों तथा पूर्वजों से जुड़ी सांस्कृतिक परंपराओं से दूरी बनाने लगे हैं, जिससे सामाजिक समरसता और गांव की पारंपरिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसी विषय को लेकर आयोजित ग्रामसभा में विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने अपनी चिंताएं रखते हुए आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके बाद ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव में आने वाले पादरी एवं पास्टरों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए। ग्रामसभा के फैसले के बाद गांव के प्रमुख स्थान पर सूचना बोर्ड स्थापित किया गया है, ताकि बाहरी लोगों को ग्रामसभा के निर्णय की जानकारी मिल सके। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय किसी व्यक्ति या समुदाय विशेष के विरोध में नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक व्यवस्था और पूर्वजों की धरोहर के संरक्षण के उद्देश्य से लिया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराएं और सामाजिक एकता उसकी सबसे बड़ी पहचान हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी सांस्कृतिक विरासत, परंपरागत मूल्यों और सामाजिक एकजुटता को बनाए रखने के लिए जागरूक एवं संगठित रहने का आह्वान किया। ग्रामसभा एवं कार्यक्रम में ग्राम गायत दुर्जन कुमेटी, ग्राम पटेल सनऊ उयके, मानिक कडियाम, नागसाय तुलावी, बहादुर तुलावी, शंकर तुलावी, सतीश जैन, बिसेन पुडो, मुकेश गावड़े, सदन लाल माहवे, अर्जुन उयका, धनीराम सोरी, रैजू कोमरा, राम सिंह कोमरा, भुनेश माहवे, हीरालाल नरेटी, सदेन सोरी, दुक्का नरेटी, दशरथ जैन, सोमजी नरेटी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



# लोहत्तर के नारी जागरण शिविर में महिला सशक्तीकरण पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में प्रज्ञा मंडल बरहेली द्वारा ग्राम लोहत्तर में एक दिवसीय नारी जागरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के माताओं, बहनों एवं युवतियों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण, समाज निर्माण और संस्कार जागरण के विषयों पर चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, गायत्री मंत्र एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिला स्तरीय टोली की चित्रांगदा दर्रो, दीपा सलाम, डुमेश्वरी महावीर, संजना पटेल एवं अंजलि कुंजाम ने नारी जागरण अभियान की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नारी केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। शिविर में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, आत्मनिर्भरता, नशामुक्ति एवं संस्कार जागरण जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। महिलाओं को शिक्षा, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा सामाजिक सहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। नारी समस्या एवं समाधान विषय पर आयोजित परिचर्चा में महिलाओं ने अपनी समस्याएं साझा कीं तथा उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक गांव में महिला मंडलों को सक्रिय करने तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। समापन अवसर पर ब्लॉक सह समन्वयक एवं जनपद सभापति विकास राजू नायक ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए महिलाओं से समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं शांति पाठ के साथ हुआ।

# सशिमं के नए आचार्यों को 10 दिनों तक किया प्रशिक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला कांकेर के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में 1 से 12 जून तक आयोजित 10 दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण वर्ग का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में चार जिलों के 21 विकासखंडों से 32 विद्यालयों के कुल 78 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिनमें आचार्य, दीदी, योग प्रशिक्षक एवं व्यवस्थापक शामिल रहें। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना ने कहा कि प्रशिक्षित आचार्य एवं दीदी विद्यालयों में जाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास का कार्य करेंगे। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण, अल्प मानदेय में भी समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। अध्यक्षता शिशु मंदिर भानुप्रतापपुर समिति अध्यक्ष सुमंत सिन्हा ने कहा यहां प्रशिक्षण में जो भी गतिविधि सीखा है उसे भावी पीढ़ी को सर्वांगीण विकास करेंगे। शिशु मंदिर केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं देता बल्कि बच्चों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, संस्कार भी सीखती है। बीईओ क्षमा सोनेल, एबीईओ मुकेश सोनवानी ने भी कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मूल्य आधारित शिक्षा तथा भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षण पद्धति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास करना है। शिक्षण प्रक्रिया अनुभवात्मक एवं व्यवहारिक होनी चाहिए, जिससे बच्चे विषयों को देखकर, समझकर और सीखकर जीवन में उतार सकें। समापन अवसर पर बस्तर संभाग के प्रांतीय अधिकारी प्रमुख वक्ता सुदामा साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर समाज का विद्यालय है।



### शौर्य चक्र से सम्मानित जवानों और उनके परिजनों से उप मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

**कांकेर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों शौर्य चक्र से सम्मानित वीर पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों से उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने नवा रायपुर अटल नगर स्थित निवास कार्यालय में आत्मीय मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीजीपी अरुण देव गौतम सहित जवानों के परिजन एवं परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ और देश को ऐसे वीर सपूतों पर गर्व है, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए असाधारण परिस्थितियों में भी वीरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इन जवानों की बहादुरी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री ने शौर्य चक्र से सम्मानित इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट, इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख तथा राइफलमैन भोज राम साहू के साहसिक कार्यों की सराहना की और उनके परिजनों से भी मुलाकात की और सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश सेवा के इस गौरवपूर्ण योगदान में परिवारों का त्याग और समर्थन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने जवानों के अदम्य साहस भरी घटनाओं के बारे में भी उनसे जानकारी ली। छत्तीसगढ़ पुलिस के इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट एवं इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख को 16 अप्रैल 2024 को कांकेर क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध संचालित एक बड़े अभियान में अद्वितीय नेतृत्व, साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है।

# आरक्षक भर्ती का झांसा देकर युवक से ऐंठे पौने दो लाख, दो पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस विभाग में आरक्षक पद पर भर्ती कराने और प्रभावशाली पहचान का हवाला देकर एक युवक से लाखों रुपए ऐंठ लिए गए। लंबे समय तक नौकरी का इंतजार करने के बाद जब पीड़ित को अपने साथ धोखाधड़ी होने का अहसास हुआ, तब उसने थाना चारामा और थाना कांकेर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम उडकुडा निवासी 25 वर्षीय यादेश कुमार साहू, जो वर्तमान में मेडिकल कॉलेज तेलगरा में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है, ने शिकायत में बताया कि उसकी पहचान कांकेर निवासी कैलाश साहू और तरूणा निषाद से एक निजी कंपनी में कार्य करने के दौरान हुई थी। दोनों ने स्वयं की पुलिस विभाग में अच्छी पहुंच और अधिकारियों से संपर्क होने का दावा करते हुए उसे आरक्षक पद पर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। शिकायत के अनुसार आरोपितों ने



नौकरी लगवाने के लिए लगभग पांच लाख रुपए खर्च होने की बात कही और विभिन्न किश्तों में रकम जमा कराने लगे। नौकरी मिलने की उम्मीद में शिकायतकर्ता ने वर्ष 2024 और 2025 के दौरान कई बार ऑनलाइन माध्यम से रकम हस्तांतरित की। पीड़ित के अनुसार तरूणा निषाद के खाते और मोबाइल नंबर पर 31 जनवरी 2024 को 10 हजार रुपए, 28 मई 2024 को 20 हजार 980 रुपए तथा 50 हजार रुपए, 1 जून 2024 को 39 हजार रुपए और 14 जुलाई 2024 को 7 हजार रुपए भेजे गए। इस प्रकार तरूणा निषाद को कुल 1 लाख 26 हजार 980 रुपए दिए गए, वहीं कैलाश साहू को 23 जनवरी 2025 को दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 2 हजार रुपए और 48 हजार रुपए, कुल 50 हजार रुपए भेजे गए। इस तरह दोनों आरोपितों को मिलाकर कुल 1 लाख 76 हजार 980 रुपए का भुगतान किया गया। पीड़ित का आरोप है कि रकम लेने के बावजूद न तो उसे पुलिस विभाग में नौकरी दिलाई गई और न ही उसकी राशि वापस की गई। उसने यह भी आरोप लगाया है कि दोनों व्यक्तियों ने अन्य लोगों को भी नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर रकम लेने का प्रयास किया है।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी कैलाश साहू और तरूणा निषाद के खिलाफ चारामा थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 111(2) एवं 318(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसके अलावा कांकेर में भी दोनो आरोपियों पर धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## मोहेल्लेवासियों को लगाना पड़ रहा लंबा चक्कर, निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग

# नाली निर्माण के लिए खोदी सड़क को भरी नहीं, आवागमन में बढ़ी दिक्कत

*कांकेर नगर के अटल आवास शिवनगर से आदर्श नगर को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग नाली बनाने के चक्कर में पिछले लगभग एक माह से खुदा पड़ा है। नाली निर्माण कार्य के लिए सड़क खोदे जाने के बाद से निर्माण की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है, जिससे क्षेत्र के प्रतिदिन सैकड़ो लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विकास कार्यों की आवश्यकता को स्वीकार करने वाले स्थानीय नागरिक अब कार्य की सुस्त गति को लेकर नाराजगी जता रहे हैं और जल्द निर्माण पूरा करने की मांग कर रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अटल आवास शिवनगर, आदर्श नगर सहित आसपास के कई मोहल्लों के लोगों के लिए निर्माणाधीन मार्ग प्रमुख आवागमन का रास्ता है। सड़क बंद होने के कारण लोगों को अब शीलतापारा और घड़ी चौक मार्ग से होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि अतिरिक्त दूरी तय करने के कारण लोगों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नाली निर्माण कार्य नगर के विकास के लिए आवश्यक है और वे इसका विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन कार्य की गति अत्यंत धीमी होने से आमजन परेशान हैं। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू तो कर दिया गया, लेकिन उसे समय पर पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन और श्रमिक नहीं लगाए गए। कई दिनों तक निर्माण स्थल पर मजदूरों और मशीनों की पर्याप्त संख्या दिखाई नहीं देती, जिसके कारण कार्य अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा है।



*शिवनगर-आदर्श नगर के लोग 1 माह से संकट झेल रहे*

**बुजुर्गों व महिलाओं को हो रही दिक्कत**

*वार्डवासियों के अनुसार सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों और नौकरी-पेशा लोगों को हो रही है। सुबह और शाम के समय लोगों को अपने घरों और कार्यस्थलों तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। कई बार आपातकालीन परिस्थितियों में भी लोगों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना पड़ता है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ जाती है।*

**निर्माण को जल्द पूरा करने की माँग**

*मुहल्लेवासियों ने नगर प्रशासन और संबंधित विभाग से निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि पर्याप्त संसाधन और श्रमिक लगाए जाएं तो कार्य कम समय में पूरा किया जा सकता है। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों का लाभ तभी मिलेगा, जब उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। वार्डवासियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सड़क को आवागमन के लिए सुचारु रूप से खोलने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा।*

**सुरक्षा व्यवस्था की माँग**

*स्थानीय नागरिकों ने यह भी मांग की है कि निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सड़क खुदी होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, विशेषकर रात के समय राहगीरों और वाहन चालकों के लिए स्थिति अधिक जोखिमपूर्ण हो जाती है। कई लोग अभी तक दुर्घटना के शिकार हो भी चुके है।*

पेज 09 के शेष

### नक्सलगढ़ में पहली बार

प्रदेश सरकार की मंशा है कि कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे। कंदाड़ी सहित कोयलीबेड़ा क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं ग्रामीणों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। आज ग्रामीणों के उत्साह और आत्मीय स्वागत ने यह साबित कर दिया है कि क्षेत्र के लोग विकास और शांति के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। सरकार उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### शादी से लौटते पिकअप...

इस दुर्घटना में वाहन में मुझे दाहिने कंधे, बाएं हाथ और कमर के ऊपरी हिस्से, सिर और दाहिनी कोहनी में गंभीर चोट। सिर और मुंह पर चोट, सविता गावड़े दाहिने हाथ में चोट, सविना पूड़ो दोनों हाथ, बाएं पैर और होंठ के ऊपर चोट, लिलेश्वरी बोगा के बाएं हाथ की भुजा और दाहिने कमर के ऊपर चोट, विवेक नरेटी के बाएं जांघ और दाहिने पैर में चोट, संतोष नेताम के पीठ और सिर में चोट, मेहनतीन विश्वकर्मा के दाहिने हाथ और बाएं हाथ की उंगली में चोट, दरबारी पूड़ो के दाहिने हाथ का पंजा, बाएं कंधे और दाहिने पैर की जांघ में चोट आई है। शिकायत के आधार पर भानुप्रतापपुर थाना पुलिस ने लापरवाह पिकअप चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# दुर्घटनाएं रोकने जन-जागरूकता और नियमों का कड़ाई से पालन जरूरी: कश्यप

**सांसद महेश कश्यप ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कहा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को सांसद सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने

■ अधिक से अधिक लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने पर जोर

तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वर्षवार सड़क दुर्घटनाओं, यातायात विभाग ने की। कार्रवाई, नियमों



का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से वसूले गए समन शुल्क, स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, ट्रैफिक कॅामिंग मेजर्स, स्कूली बसों की फिटनेस जांच तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी।

सांसद ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन में यातायात नियमों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता लाना और नियमों का पालन सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं जैसे गुड सेमेरिटन योजना, नगदी रहित उपचार योजना तथा हिट एंड रन मुआवजा समिति के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचनी चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, कलेक्टर विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल सहित परिवहन एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समन्वित एवं प्रभावी प्रयास किए जाएं।

## खबर संक्षेप

### युवा मोर्चा ने पर्यटन स्थल में चलाया स्वच्छता अभियान

**बचेली।** नगर के प्रमुख पर्यटक स्थल 15 नंबर टंकी परिसर में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ पर्यटक स्थल और उसके आसपास बिखरे प्लास्टिक, डिस्पोजल और अन्य कचरे को साफ कर परिसर को स्वच्छ बनाया। स्वच्छता अभियान के साथ-साथ युवा मोर्चा के सदस्यों ने वहां आने वाले सभी पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। कार्यकर्ताओं ने सभी से अपील की कि वे इस खूबसूरत प्राकृतिक और पर्यटक स्थल की सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें और यहां-वहां कचरा फैलाकर इसे दूषित न करें। इस कार्य में मंडल अध्यक्ष अर्णब चक्रवर्ती के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शिवांश जायसवाल, प्रियांशु ठाकुर, टी. रामराज, लक्की साहा, नमन पॉल, नैतिक श्रीवास्तव, शौर्य सिंह, शुभम मंडल, मोनिट राय, पवन नाग, संकल्प साहू, वामसी रेड्डी, अनिमेष, सक्षम मुख्य रूप से शामिल रहे। संदेश दिया गया कि प्रकृति और हमारे पर्यटक स्थल हमारी धरोहर हैं, इन्हें साफ और सुंदर बनाए रखना हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है।

### कलेक्टर ने केले की खेती देख किसानों की मेहनत को सराहा



**दंतेवाड़ा।** ग्राम पंचायत रेवली के आश्रित एवं दूरस्थ ग्राम बर्रेम के भ्रमण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने क्षेत्र में संचालित कृषि एवं आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय कृषक बुधरी बरसे द्वारा की जा रही केले की खेती का अवलोकन किया और ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत कृषि पद्धतियों की सराहना की। कलेक्टर ने खेत में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद किया तथा खेती की प्रक्रिया, उत्पादन, सिंचाई व्यवस्था और विपणन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बुधरी बरसे ने बताया कि उनके परिवार के पास लगभग 15 एकड़ भूमि है, जिसमें कुछ हिस्से में केले की खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि केले का उत्पादन अच्छी मात्रा में हो रहा है तथा इसका विक्रय मुख्य रूप से किरंदुल बाजार में किया जाता है। किसानों ने बताया कि बाजार में छोटे केले लगभग 60 रुपये प्रति दर्जन तथा बड़े केले 80 से 90 रुपये प्रति दर्जन तक की कीमत पर बिकते हैं। इससे परिवार को नियमित आय प्राप्त हो रही है और कृषि आजीविका का मजबूत माध्यम बनकर उभर रही है।

विराध : बैठक में कई गांव के ग्रामीण और श्रमिक हुए शामिल

# माइंस प्रभावित पंचायतों में दुष्प्रचार का विरोध, विकास के लिए राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर



ग्राम पंचायत कच्चे के पंचायत भवन में माईंस प्रभावित पंचायतों एवं ग्राम प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कच्चे, साल्हे, परेंकोड़ो, ईरागांव, भीरावही, झिटकाटोला, मरकाटोला एवं पुसावड़ सहित आसपास के माईंस प्रभावित क्षेत्रों के सरपंच, ग्राम प्रमुख तथा विभिन्न श्रमिक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

आयोजित बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रमुखों एवं श्रमिक संघों के प्रतिनिधियों ने गोदावरी माईंस के संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्रसारित की जा रही कथित भ्रामक एवं दुष्प्रचारात्मक खबरों पर नाराजगी व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि कुछ लोग निजी स्वार्थों के चलते माईंस परियोजना के विरुद्ध गलत जानकारी प्रसारित कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र की सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। बैठक में कहा गया कि गोदावरी माईंस से आसपास के हजारों ग्रामीणों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है और अनेक परिवारों की आजीविका इस परियोजना पर निर्भर है। ऐसे में माईंस के खिलाफ लगाए जा रहे निराधार आरोप क्षेत्र के श्रमिकों तथा उनके परिवारों के हितों के विपरीत हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि माईंस के खिलाफ कथित रूप से भ्रामक एवं तथ्यहीन बयानबाजी करने वाले बाहरी व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की मांग को लेकर 16 जून को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके साथ ही माईंस प्रभावित पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के लिए जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद से अधिकाधिक राशि स्वीकृत एवं जारी करने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए डीएमएफ मद का प्रभावी उपयोग आवश्यक है। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर एक सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो माईंस प्रभावित पंचायतों के संयुक्त तत्वावधान में चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति निर्मित होने पर इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

बैठक में कच्चे की सरपंच कांति हिड़को, परेंकोड़ो सरपंच सीताबाई गावड़े, साल्हे सरपंच संतोष पद्दा, भीरावही सरपंच हिरेसिंह दर्रो, ईरागांव सरपंच नमिता नेताम, झिटकाटोला सरपंच धनसिंह ध्रुव, मरकाटोला सरपंच पंकज हिड़को, पुसावड़ सरपंच लोमन तोपेन्द, मजदूर संघ अध्यक्ष संतोष भूआर्य, ऑपरेटर-ड्राइवर संघ अध्यक्ष मनीष कावड़े, क्रेशर संघ प्रतिनिधि हरीश महतो, ग्राम प्रमुख नोहर भूआर्य, ज्वाला प्रसाद जैन, जितेन्द्र जायसवाल, भत्ते सिंह भूआर्य सहित ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती





हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

नगर पंचायत गीदम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। निकाय क्षेत्र की सभी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर अधिकारियों ने सूचना पत्रक बांटे और प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हुलसी प्रधान ने बताया कि मुख्य मार्ग, बाजार और व्यावसायिक क्षेत्रों में सबसे ज्यादा प्रदूषण सिंगल यूज प्लास्टिक से ही फैलता है। उन्होंने कहा इसे नियंत्रित करना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

तभी हमारा नगर स्वच्छ एवं स्वस्थ रह सकेगा। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि अब केवल 120 माइक्रोन या उससे अधिक मोटाई वाले कैरी बैग का ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। यदि कोई भी दुकानदार 120 माइक्रोन से कम मोटाई का सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करते पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। बार-बार नियम तोड़ने पर दुकान सील करने, व्यापार लाइसेंस निरस्त करने और चालानी कार्रवाई तक की जाएगी। नगर पंचायत की टीम ने दुकानदारों को समझाया कि प्रतिबंधित प्लास्टिक पर्यावरण के साथ-साथ नालियों को जाम करता है और पशुओं के लिए भी घातक है। नागरिकों से भी अपील की गई कि वे बाजार जाते समय कपड़े या जूट के थैले साथ ले जाएं और दुकानदारों से प्लास्टिक की मांग न करें। प्रशासन का लक्ष्य गीदम को प्लास्टिक मुक्त बनाकर एक आदर्श नगर के रूप में स्थापित करना है।

अधिकारियों ने भरोसा जताया कि दुकानदारों और आम जनता के सहयोग से यह अभियान सफल होगा। आने वाले दिनों में नगर पंचायत द्वारा नियमित जांच अभियान चलाया जाएगा और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर पंचायत ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए यह कदम जरूरी है। सभी से आग्रह है कि वे नियमों का पालन करें और गीदम को साफ-सुथरा बनाने में अपना योगदान दें।

# बंगाली कैंप के शाला में हुआ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के गौरवमयी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने देशव्यापी विकास, विश्वास एवं जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बचेली के 2 नम्बर बंगाली कैंप प्राथमिक शाला परिसर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस राष्ट्र-समर्पित अभियान के प्रभारी पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल एवं सह प्रभारी भाजपा मंडल महामंत्री झिलकी नाग रहे। उनके कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। इस अवसर पर बचेली मंडल के सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ भाजपा पदाधिकारी, जन-प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता साथी राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा, सुशासन और समर्पण के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा देश हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रभारी के साथ साथ पार्षद धनसिंह नाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णा राव, ओम प्रकाश जैन, परिमल व्यापारी, शिप्रा बिस्वास, गोपाल, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल समेत अनेक आमजन तथा सफाई कर्मचारी मौजूद रहें। अभियान प्रभारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली और 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के अंत में बंगाली कैंप क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

## 89 हितग्राहियों के बने आयुष्मान कार्ड



**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन में जिले के पुनर्वासित युवाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुनर्वास केंद्र में विशेष शिविर आयोजित कर 89 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अभियान का उद्देश्य पुनर्वास केंद्र में रह रहे युवाओं एवं अन्य हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। आयुष्मान कार्ड बनने से पात्र हितग्राही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर के दौरान हितग्राहियों का पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया तथा पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए। साथ ही योजना के लाभ, पात्रता एवं उपयोग संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। जिला प्रशासन द्वारा संचालित इस पहल से पुनर्वासित युवाओं में उत्साह देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

# अधिक मास में गूंज रहा रामनाम

**कल सत्यनारायण कथा व छप्पन भोग**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

अधिक मास के पावन अवसर पर आदिशक्ति ज्योति महिला मंडल द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण मास प्रयाण का आयोजन किया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। महिला मंडल की सदस्याएं और समाज के लोग प्रतिदिन एकत्र होकर रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं।

मान्यता है कि अधिक मास भगवान विष्णु का सबसे प्रिय मास है, जो तीन वर्ष में एक बार आता है। इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है, जिसमें आध्यात्मिक साधना का विशेष महत्व है। इसी कारण इस माह में भगवान विष्णु और श्रीराम की आराधना, दान-पुण्य तथा धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालु प्रतिदिन रामायण पाठ, रामनाम संकीर्तन और धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### दीपदान का विशेष महत्व

महिलाओं ने बताया कि अधिक मास में दीपदान का विशेष महत्व है। श्रद्धालु भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण के श्रीविग्रह के समक्ष घी अथवा तिल के तेल का दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इसके अलावा नदी और सरोवर के समीप दीपदान करने से कई गुना फल प्राप्त होने की मान्यता है। वहीं मंदिर में प्रतिदिन मालपुए के दान की परंपरा का भी पालन किया जा रहा है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है।

### समापन पर लगेगा 56 भोग

अखंड रामायण मास प्रयाण का आयोजन 15 जून तक चलेगा। समापन अवसर पर सभी महिला मंडलों के सहयोग से सत्यनारायण कथा एवं छप्पन भोग का विशेष आयोजन किया जाएगा। आयोजन के चलते क्षेत्र में इन दिनों भजन, कीर्तन और रामायण पाठ के स्वर गूंज रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

### संस्कारयुक्त शिक्षा से होगा भावी पीढ़ी का चरित्र निर्माण

**गीदम।** स्कूल शिक्षा विभाग ने नवीन शिक्षा सत्र से प्रदेश के विद्यालयों में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना, गुरु वंदना, महापुरुषों के जीवन प्रसंगों के वाचन, भोजन मंत्र, गायत्री मंत्र एवं शांति मंत्र जैसी गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने इसे भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने वाली ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण की आधारशिला भी है। वर्तमान समय में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालयों में प्रार्थना, वंदना तथा महापुरुषों के प्रेरक जीवन प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व, कर्तव्यबोध एवं सकारात्मक चिंतन का विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा व्यवस्था को प्रोत्साहित करती है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह निर्णय इसी दूरदर्शी सोच का परिचायक है उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नैतिकता एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास होगा तथा वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होंगे।



# शिक्षा की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता, जिम्मेदारी के साथ करें कार्य : कोर्राम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर/भोंड



नए शिक्षा सत्र को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से बस्तर विकासखंड के बीआरसी अजंबर कोर्राम की अध्यक्षता में विकासखंड के सभी क्लस्टर अकादमिक समन्वयकों

■ नए शिक्षा सत्र की तैयारियों को लेकर बीआरसी ने ली बैठक

(सीएसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, नामांकन वृद्धि तथा शासन की शैक्षणिक योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर चर्चा हुई।

बीआरसी ने कहा कि नया शिक्षा सत्र विद्यार्थियों के भविष्य की मजबूत नींव रखने का अवसर है। उन्होंने सभी सीएसी को अपने-अपने संकुल क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों की सतत निगरानी करने तथा शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में समय पर पाठ्यपुस्तकों के वितरण, शत-प्रतिशत नामांकन, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान कर पुनः प्रवेश दिलाने तथा शिक्षण कार्यों की नियमित समीक्षा पर विशेष जोर दिया। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में नए शिक्षा सत्र को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई। बीआरसी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए टीम भावना के साथ कार्य करना आवश्यक है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 10 लीटर शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** पखांजुर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।




मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नया बाजार स्थित मछली मार्केट के पास एक होटल में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान होटल संचालक पलाश मजूमदार (46) निवासी इंद्राआवासपारा, पखांजुर के कब्जे से दो जरकीनों में रखी 10 बल्क लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित देशी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब बिक्री से प्राप्त 200 रुपये नगद भी जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### अफवाहों पर ध्यान न दें शैक्षणिक सत्र 16 से

**कांकेर।** सोशल मीडिया में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के 1 जुलाई 2026 से शुरू होने संबंधी वायरल संदेश को शिक्षा विभाग ने भ्रामक और फर्जी बताया है। संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र के अनुसार राज्य के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत संचालन 16 जून 2026, मंगलवार से प्रारंभ किया जाएगा। विभाग ने विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों से अव्हान किया है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें और अफवाहों से बचें।

### करंट की चपेट में आया बंदर भंडारीपारा में बिजली बाधित



**कांकेर।** शहर कांकेर के भंडारीपारा रोड स्थित विद्युत लाइन पर एक बंदर के चिपक जाने से क्षेत्र में अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घटना के बाद भंडारीपारा एवं आसपास के इलाकों में कुछ समय तक बिजली प्रवाह बाधित रही। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक सुधार कार्य कर बिजली आपूर्ति बहाल की। अचानक बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विभाग ने विद्युत लाइनों के आसपास सावधानी बरतने की अपील की है।

### हड़ताल अवधि का वेतन देने सीएम ने घोषणा की

**कांकेर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ी घोषणा की है। राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित एनएचएम कर्मचारियों के महासम्मेलन में मुख्यमंत्री ने 33 दिनों की हड़ताल अवधि का वेतन देने की घोषणा की, जिससे प्रदेशभर के हजारों स्वास्थ्य कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। महासम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में इन कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

# साइबर अपराध और यातायात सुरक्षा पर ग्रामीणों को किया जागरूक, दिए सुझाव

## फर्जी फोन काल ओटीपी और अकाउंट हैकिंग पर किया सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से मोर मितान पुलिस द्वारा शनिवार को दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम बिक्रमगंज में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों, युवाओं और वाहन चालकों को साइबर ठगी से बचाव तथा यातायात नियमों के पालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी फर्जी फोन कॉल, ओटीपी ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग तथा अज्ञात लिंक भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि वे किसी भी स्थिति में अपना ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक खाते की जानकारी अथवा अन्य गोपनीय दस्तावेज किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। अधिकारियों ने लोगों को अज्ञात लिंक और संदिग्ध मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करने से बचने की सलाह देते हुए कहा कि ऑनलाइन लॉटरी, इनाम या आकर्षक ऑफर के झांसे में आकर किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें। साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने की अपील भी की गई। अभियान के दौरान यातायात सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, शराब या अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के बाद वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों और नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को संदेश देते हुए कहा कि /"सतर्क नागरिक ही सुरक्षित नागरिक है।



### यातायात नियमों का करे पालन

साइबर अपराध से बचाव, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता तथा यातायात नियमों का पालन कर नागरिक स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं। अभियान का आयोजन एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी प्रहलाद यादव, सहायक उपनिरीक्षक बिरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक गजेंद्र गेडरे, आरक्षक रंजीत मरकाम, अवध नाग, हरिकसाय ताराम, राजेंद्र कुलदीप, देवांतीन टाडिया, सरोज नेताम सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## सेवा, सुशासन और विकास के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास

# मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर विधायक ने गांव-गांव में किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कांकेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नारा में विशेष जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और केंद्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 12 वर्षों में विकास, सुशासन और सेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक कार्यक्रमों ने देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उन्होने चर्चा करते हुए ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने न केवल आर्थिक और सामाजिक विकास की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की प्रतिष्ठा को नई पहचान मिली है। आधुनिक बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए नए अवसर तथा गरीब कल्याण की योजनाएं केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल रही हैं।



### सेवानिवृत्त शिक्षक का किया सम्मान

इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम व क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने ग्राम नारा के सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक सुदामाराम पटेल का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान को भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया गया।

### जामगांव में विधायक आशाराम ने आदिवासी समाज से किया संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के 12 सफल वर्ष पूर्ण होने के




अवसर पर चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत विधायक आशाराम नेताम ने जामगांव के पुराना पारा पहुंचकर आदिवासी समाज के सम्मानित सदस्य श्री साधना नेताम से आत्मीय भेंट एवं संवाद किया। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। विधायक ने वनांचल क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से आए सकारात्मक बदलावों पर चर्चा करते हुए कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराएं और योगदान देश की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके सशक्तिकरण हेतु सरकार निरंतर कार्य कर रही है।



### बारिश के बाद जमा कचरे की साफ सफाई में युवाओं ने किया श्रमदान

**कांकेर।** शहर की सामाजिक संस्था जन सहयोग द्वारा रविवार को दूध नदी के पुल के नीचे एवं आसपास व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण नदी के किनारों



और पुल के आसपास बड़ी मात्रा में बरसाती कचरा जमा हो गया था, जिसे श्रमदान के माध्यम से साफ कर मौके पर ही उसका उचित निपटान किया गया। संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि स्वच्छता अभियान में शामिल होने का वादा करने वाले कुछ साथी इस बार उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन इससे अभियान के प्रति उनका उत्साह कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने वर्षों पहले समाजसेवा की शुरुआत की थी, तब अकेले ही मस्जिद के सामने बड़े चौक की सफाई का कार्य शुरू किया था। धीरे-धीरे लोगों का सहयोग मिलता गया और आज यह अभियान जनभागीदारी का स्वरूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि दूध नदी कांकेर शहर की जीवनरेखा है और इसे स्वच्छ रखने का जो संकल्प लिया गया है, उसे हर परिस्थिति में पूरा किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में और अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे तथा नदी संरक्षण के इस प्रयास को मजबूती मिलेगी। स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमवीरों ने कड़ी धूप में कई घंटे तक लगातार मेहनत कर दूध नदी पुल के नीचे तथा आसपास फैले कचरे को एकत्रित किया और क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# ऐतिहासिक आमागुहान मेला शुरू आकाश झूला आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- देवी-देवताओं की परिक्रमा के साथ मेले का किया शुभारंभ

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा अंतर्गत आश्रित ग्राम आमागुहान में क्षेत्र के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक आमागुहान मेला का शुभारंभ पारंपरिक पूजा-अर्चना और देवी-देवताओं की भव्य परिक्रमा के साथ श्रद्धा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और मनोरंजन के संगम बने इस मेले में हजारों श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और दर्शकों ने भाग लिया।

मेला प्रारंभ होने से पूर्व ग्राम देवी-देवताओं की विधिवत पूजा की गई, जिसके बाद ढोल, मांदर और नगाड़ों की गूंज के बीच परिक्रमा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। इस वर्ष मेले का सबसे बड़ा आकर्षण पहली बार लगाए गए आकाश झूला और नौका झूला रहे।



बच्चों, युवाओं और महिलाओं में इन झूलों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। दिनभर झूलों के आसपास लोगों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा खानपान, खिलौने, घरेलू उपयोग की वस्तुओं, ग्रामीण उत्पादों और मनोरंजन से जुड़े स्टॉल भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। जनपद सदस्य विकास राजू नायक ने कहा कि आमागुहान मेला क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और लोक संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ग्राम गायता रमेश देहारी एवं उपसरपंच बीरेंद्र देहारी ने बताया कि इस वर्ष मेले को अधिक भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा, पेयजल, स्वच्छता और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की गई थी। ग्रामीणों ने मेले को क्षेत्र की गौरवशाली परंपरा और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताते हुए आयोजन की सराहना की।




# दिव्यांग बच्चों के सर्वेक्षण के लिए प्रशिक्षण किया गया आयोजित



**दुर्गुकोंदल।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के व्यापक सर्वेक्षण एवं पहचान कार्य के लिए प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 जून को खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर तथा कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक कांकेर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव सिंह डे एवं खंड स्त्रोत समन्वयक लतीफ कुमार सोम ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं संकुल समन्वयकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की सही पहचान कर सर्वेक्षण कार्य को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करना है, ताकि उन्हें शिक्षा, सहायक उपकरण, थैरेपी एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। जानकारी दी गई कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक एवं संकुल समन्वयकों का विशेष सर्वे दल गठित किया जाएगा, जो घर-घर जाकर बच्चों का चिन्हांकन करेगा। मास्टर ट्रेनर एवं समावेशी शिक्षा प्रभारी भूपेश कुमार साहू ने दिव्यांगता के 21 प्रकारों की जानकारी दी, वहीं स्पेशल एजुकेटर यूपेन्द्र कुमार कस्तूरे ने सर्वे प्रपत्र भरने की प्रक्रिया समझाई। खंड शिक्षा अधिकारी ने सर्वेक्षण को संवेदनशीलता एवं गंभीरता से पूरा करने का आह्वान किया, जबकि खंड स्त्रोत समन्वयक ने शत-प्रतिशत चिन्हांकन और तथ्यात्मक जानकारी संकलन पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण में सर्वेक्षण की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

